भारत सरकार

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय

लोक सभा

लिखित प्रश्न सं. 2158

गुरुवार, 4 जुलाई, 2019/13 आषाढ़, 1941 (शक)

ओडिशा में नए राष्ट्रीय राजमार्ग

2158. श्री नितेश गंगा देबः

क्या **सड़क परिवहन और राजमार्ग** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या हाल ही में केन्द्र सरकार द्वारा ओडिशा राज्य में कोई नया राष्ट्रीय राजमार्ग मंजूर किया गया है;

(ख) यदि हां, तो इन राष्ट्रीय राजमार्गों के नाम क्या हैं;

(ग) क्या सरकार ने गत चार वर्षों के दौरान राज्य राजमार्गों को अंतर्राष्ट्रीय मानकों के अनुरूप चौड़ा और परिवर्तित करने के लिए और अधिक निधियां आबंटित की हैं; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री

(श्री नितिन जयराम गडकरी)

(क) और (ख): अप्रैल, 2014 से अब तक 1114 किमी की कुल लंबाई के 12 राष्ट्रीय राजमार्ग अधिसूचित किए गए हैं। ब्यौरा **अनुलग्नक-I** पर दिया गया है।

(ग) और (घ): राष्ट्रीय राजमार्गों का विकास और अनुरक्षण एक सतत् प्रक्रिया है और इन्हें यातायात आवश्यकता, निधियों की उपलब्धता तथा कार्यों की पारस्परिक प्राथमिकता के आधार पर किया जाता है। गत चार वर्षों के दौरान ओडिशा राज्य में राष्ट्रीय राजमार्गों के विकास के लिए 6276 करोड़ रु. की धनराशि आबंटित की गई है।

अनुलग्नक-I

'ओडिशा में नए राष्ट्रीय राजमार्ग' के संबंध में श्री नितेश गंगा देब द्वारा दिनांक 04.07.2019 को पूछे गए लोक सभा लिखित प्रश्न संख्या 2158 के भाग (क) और (ख) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक

ओडिशा राज्य में अप्रैल, 2014 से आज तक अधिसूचित राजमार्ग

क्र. सं.	**रारा सं.**	**रूट विवरण**	**अनंतिम लंबाई (किमी)**
1	20	ओडिशा राज्य में कौखिया, जाजपुर, अराडी, चांदबली, राज कनिका और सतभाया पर समाप्त होने वाला राजमार्ग	102.00
2	55	ओडिशा राज्य में जगतसिंहपुर, बालीकुडा और नौगांव पर समाप्त होने वाला राजमार्ग	106.00
3	126	ओडिशा राज्य में बारापाली के निकट रारा-26 के साथ अपने जंक्शन से प्रारंभ होकर धौराखांडा, पानीमोरा, चिचिंडा को जोड़ने वाला और सोहेला के निकट रारा-53 के साथ अपने जंक्शन पर समाप्त होने वाला राजमार्ग	23.59
4	130-सीडी	छत्तीसगढ़ राज्य में रारा-30 (कुरुड बाइपास), उमरदा, मेघा, बिजहुली, सिंहपुर, दुगली, डोंगरदुला, नगारी, सोनामागर, सिहावा, रातवा के साथ अपने जंक्शन से प्रारंभ होकर घुटकेल, कुंदेई, हाताभरांडी, रायघर, बेहेड़ा, उमरकोटे, धोदरा, धमनागुडा, डाबूगांव को जोड़ने वाला और ओडिशा राज्य में पपदाहांडी के निकट रारा सं.-26 के साथ अपने जंक्शन पर समाप्त होने वाला राजमार्ग	105.44
5	316-ए	ओडिशा राज्य में कोणार्क के निकट रारा-316 के साथ अपने जंक्शन से प्रारंभ होकर रतनपुर, सतभाया, धामरा, बसुदेवपुर, तलपाड़ा, चांदीपुर, चंदनेश्वर को जोड़ने वाला और पश्चिम बंगाल राज्य में दीघा पर समाप्त होने वाला राजमार्ग	348.50
6	516-ए	ओडिशा राज्य में गोपालपुर पत्तन के निकट रारा-516 के साथ अपने जंक्शन से प्रारंभ होकर और सतपाढ़ा के निकट रारा-316 के साथ अपने जंक्शन पर समाप्त होने वाला राजमार्ग	98.00
7	157-ए	ओडिशा राज्य में फुलबनी के निकट रारा-157 के साथ अपने जंक्शन से प्रारंभ होकर जामूझारी, दूतीमेंदी, खजुरीपाढ़ा को जोड़ने वाला और माधापुर के निकट रारा-57 के साथ अपने जंक्शन पर समाप्त होने वाला राजमार्ग	36.00
8	126-ए	ओडिशा राज्य में बारापाली के निकट रारा-26 के साथ अपने जंक्शन से प्रारंभ होकर रामपुर, सिंहीजुबा, बिसालपल्ली, नागापल्ली को जोड़ने वाला और सोनापुर के निकट रारा-57 के साथ अपने जंक्शन पर समाप्त होने वाला राजमार्ग	57.00

9	143-एच	ओडिशा राज्य में जोरम के निकट रारा-143 के साथ अपने जंक्शन से प्रारंभ होकर अंबापानी को जोड़ने वाला और इसके बाद सालंगाबहल, बीहाबंध को जोड़ने वाला तथा झारखंड राज्य में लिटेबेडा पर समाप्त होने वाला राजमार्ग	28.70
10	720	ओडिशा राज्य में क्योंझर के निकट रारा-20 के साथ अपने जंक्शन से प्रारंभ होकर बसंतपुर, देवबंधा, भागामुंडा, ब्रह्मणीपाल, धनुरजॉयपुर को जोड़ने वाला और दुबुरी चाक के निकट रारा-53 के साथ अपने जंक्शन पर समाप्त होने वाला राजमार्ग	88.50
11	655	ओडिशा राज्य में अंगुल (अंगुल स्टेडियम) के निकट रारा-55 के साथ अपने जंक्शन से प्रारंभ होकर महिधरपुर, सतमाइल, रासोल, भापुर, आथागढ़, गोपीनाथपुर, टोटापाढ़ा को जोड़ने वाला और कृष्णाश्यामपुर के निकट रारा-55 के साथ अपने जंक्शन पर समाप्त होने वाला राजमार्ग	86.00
12	320-डी	झारखंड राज्य में चक्रधरपुर के निकट रारा-20 के साथ अपने जंक्शन से प्रारंभ होकर सोनुआ, गोयलकेरा, मनोहरपुर, जराईकेला को जोड़ने वाला और ओडिशा राज्य में रारा-143 (राउरकेला बाइपास) के साथ अपने जंक्शन पर समाप्त होने वाला राजमार्ग	34.10
		जोड़	**1113.83 (1114 किमी)**

*****